

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 30 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 22 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# भाजपा के कार्यकर्त्ता विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में इतिहास रचेंगे - गौतम



सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं में जिस तरह का उत्साह है वह निश्चित तौर पर 2023 और 2024 में इतिहास बनाने का काम करेंगे। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश में मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जो काम हो रहा है, उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। सिवनी जिले की चारों विधानसभा सीटों पर चुनाव जीतने के साथ लोकसभा चुनाव में जिले से भारी बढ़त के सारे रिकार्ड तोड़ने के लिये हमें तैयार रहना है और अब हम केवल चुनाव में सफलता के लिये अपना ध्यान केन्द्रित करेंगे हमें हर मोर्चे पर कांग्रेस के झूठ का पर्दाफास करना है । उत्ताशय के विचार जिला भाजपा संगठन के प्रभारी सतानंद गौतम ने रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला कार्यसमिति में उपस्थित भाजपा जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्षों को संबोधित करते हुये कही । श्री गौतम ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो से मैं जिले के प्रभारी के रूप में यहाँ काम करते रहा है सभी वरिष्ठों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं ने जिस क्षमता से मुझे सहयोग किया और उसी के परिणाम रहे कि जिले में बूथ विस्तारक अभियान और बूथ विजय संकल्प अभियान संभागीय स्तर पर सबसे बेहतर सिवनी में हुआ आप सभी के सहयोग के लिये मैं सभी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ अब मुझे नई जि मेदारी प्राप्त हुई है उसमें आप सभी से मिला अनुभव में काम आयेगा ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया - डाँ बिसेन

इस अवसर पर बालाघाट सिवनी के सांसद डाँ. ढालसिंह बिसेन ने जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुये कहा कि जिले में हमारा संगठन बहुत मजबूत है और पिछले दिनों बूथ सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक जो कार्य हुये है उसमें हमें सक्रियता लाने की आवश्यकता है ओर कांग्रेस को भ्रम को तोडने के लिये हमारे पास बड़ा नेटवर्क है । भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार ने जनहित में जो कुछ किया है कांग्रेसी सरकारों से उसकी अपेक्षा नहीं की जा सकती कांग्रेस केवल भ्रष्टाचार करती है जबकि देश का स मान बढ़ाने, विकास के कार्य और जनहित की व्यापक सोच भाजपा के शासन में भी संभव है । बूथ स्तर तक कार्यकर्त्ता कांग्रेस के हर झूठ का जबाव देने के लिये पूरी सक्षमता का परिचय दे और सोशल मीडिया में भी अपनी सक्रिया उपस्थिती दर्ज कर भ्रमाक बातों का जबाव दें ।


जिला कार्यसमिति में जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर ने बूथ विजय संकल्प अभियान की सफलता से संबंधित विषय रखा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चोहान ने 30 मई से 30 जून तक पार्टी के चलने वाले महाजनसंपर्क अभियान के बार में जानकारी दी और कहा कि इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के धूम धाम से मनाया जायेगा । कार्यक्रम में जिला महामंत्री अजाय डागोरिया एवं जिला मंत्री लालू राय ने मंच संचालन किया जिला आभार प्रदर्शन उत्तर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी द्वारा किया गया । कार्यक्रम में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक शशि ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व जिला अध्यक्ष वेद सिंह ठाकुर, प्रेम तिवारी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष आशोक तेकाम पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार मतलब कांग्रेस - आलोक




जिला कार्यसमिति में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी समय में चुनाव होना है और अब हम सभी को दुगनी क्षमता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है । पिछले में समय में संगठन की मजबूती के लिये जो कार्य किये गये वे सराहनीय रहे है परंतु अब उन कार्यो को परिणाम में बदलने का समय आ गया है । श्री दुबे ने कहा कि अब चुनाव का समय आगया है और विरोधी दल कांग्रेस झूठ का मायाजाल फैलाकर जनता को भ्रमित करने के लिये अनाप शनाप बयान बाजी करेंगे इनका मुंह तोड़ जवाब देने के साथ हमें संगठन को पूरी तरह बूथ स्तर तक सक्रिय रखना है । श्री दुबे ने कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस मतलब भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार मतलब कांग्रेस इन्हीं के कैबिनेट मंत्री उमंग सिंगार ने दिग्विजय सिंह पर सबसे बड़ा रेत माफिया, भू माफिया एवं शराब माफिया होने का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने 15 महीने की सरकार में गरीबों के कल्याण की सारी योजनाओं को बंद कर दी थी । उस समय वरिष्ठ मंत्री गोविन्द सिंह ने कहा था कि भ्रष्टाचार इतना बढ गया है कि टीआई रेट तय कर रहा है और उसका पैसा उपर तक जाता है। श्री दुबे ने कहा कि कांग्रेस के शासन में सरकारी कर्मचारी कितना परेशान रहा है यह सब जानते है उन्हें परेशान करने के लिये तबादलो की धमकी कांग्रेस के पास हमेशा बनी रहती है और एक दिन में ही एक कर्मचारी के तबादला आदेश तीन तीन बार बनते थे । तबादलों के नाम पर सिवनी में ही कितना बड़ा गोरखधंधा हुआ है यह केवल याद दिलाने की आवश्यकता है ।

श्री दुबे ने कहा कि इनके द्वारा नारी स मान योजना, गैस सिलेंडर पाँच सौ रूपये में देने एवं बिजली मु त में देने वाली बाते केवल जनता को भ्रमित करने वाली है पिछले समय में किसानों को कर्ज माफी और बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की वायदे झूठे रहे इसी प्रकार यह योजनाएँ भी केवल वोट बटोरने के लिये है इन्हें देना कुछ नहीं है केवल सत्ता प्राप्त कर भ्रष्टाचार करना जिसका जनता को पुराना अनुभव है । श्री दुबे ने कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि संकल्प लेकर जाएं कि 2023-24 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार बनायेंगे और कांग्रेस के झूठ का जवाब देकर सच को उजागर करेंगे।



## गृहमंत्री अमित शाह ने लिया द्वारकाधीस का आर्शीवाद

द्वारका - रविवार को भारत सरकार के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने द्वारका पहुँचकर भगवान द्वारकाधीस के दर्शन कर देश की सुख समृद्धि की कामना की । तथाअनंत श्रीविभूषित पश्चिमा नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज श्री से आर्शीवाद प्राप्त किया।

## विश्वयोग दिवस हेतु ध्यान के प्रशिक्षण लगातार जारी

### म. प्र. के एक करोड़ नागरिक करेंगे योग व ध्यान



सिवनी यशोः- 21 जून, 2023 विश्व योग दिवस के भव्य आयोजन हेतु मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। शासन ने इस योग दिवस पर राज्य के ÷एक करोड़ नागरिकों÷ को योग व ध्यान की हमारी सनातन परंपरा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् महत्तवपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इस तारत य में शासन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् व हैदराबाद स्थित कान्हा शांति वनम (हार्टफुलनेस संस्थान) के सहयोग से गांव- गांव में योग व ध्यान के प्रशिक्षण आयोजित करा रही हैं।

इसी कड़ी में कान्हा शांति वनम की टीम हमारे सिवनी जिले में भी पधार चुकी है। इस टीम द्वारा विगत 1 सप्ताह से ÷हर घर ध्यान, हर दिल ध्यान÷ के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए स्थानीय योग साधकों व जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर योग व ध्यान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करने के संबंध में जिला कले टर महोदय के द्वारा भी विभिन्न विभागों को निर्देश जारी हो चुके हैं।

जन अभियान परिषद के श्री सौरभ शु ला, मेंटर्स, श्री नरेश कुमार मिश्रा (योग प्रशिक्षक), हार्टफुलनेस के स्थानीय प्रभारी श्री डी.पी.साहू (बीमा सलाहकार), श्री पूनमचंद सोनी, श्री कृपाल सिंह बघेल आदि के द्वारा विगत 13 मई से लगातार 1-1 घंटे के %ध्यान प्रशिक्षण% शिविर सिवनी जिले की विभिन्न संस्थाओं के सदस्यगणों के साथ मिलकर आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान के विभिन्न चरणों से रिले सेशन, सफाई, प्रार्थना की विधि से लोगों को अवगत कराया जा रहा है।

नरेश मिश्रा जी एवं डी.पी.साहू जी ने बताया कि हार्ट फुलनेस की समझ आने पर ध्यान करने से हमारे जीवन के मानसिक तनाव को दूर करना, कार्य कुशलता बढ़ाते हुए मन की शांति रखना, एकाग्रता बढ़ाना, विचारों में स्पष्टता लाना, सकारात्मक सोच विकसित करना, सेवाभाव बढ़ाना, दिव्यता जैसे गुण आ सकते हैं।

साथ ही ध्यान सबके जीवन स्तर के परिवर्तन लाने में अत्याधिक उपयोगी है। इसलिए जिलेवासियों से अनुरोध है कि इन ध्यान शिविरों का लाभ उठाए और आगामी 21 जून विश्व योग दिवस पर अपने गांव, मंदिर, स्कूल, कॉलेज, पंचायत, सामाजिक भवनों में शिविर लगाकर विश्वयोग दिवस को सफल बनाए।

## आज आयोजित होगी महाराणा प्रताप जयंती



सिवनी यशोः- शूरवीर सम्राट महाराणा प्रताप जयंती 22 मई को सिवनी मू यालय में आयोजित होगी, महाराणा प्रताप राजपूत क्षत्रीय संगठन के डॉ टर अभिजीत चौहान ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन अनुराग होंडा अनमोल रेसीडेंसी की आशीर्वाद पैलेस में किया जा रहा है।

सोमवार को शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में जिले के सभी सामजिक बंधुओं महिलाओं युवक युवतियों से उपस्थित होने का अग्रह संगठन के जिला अध्यक्ष राज बहादुर चौहान, सचिव प्रदीप बेस व कोषाध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने किया है।

## 12 केंद्रों में स पन्न हुई पीएससी प्रारंभिक परीक्षा

सिवनी यशोः- रविवार 21 मई को जिला मु यालय के 12 केंद्रों में म प्र लोक सेवा आयोग संयुक्त राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा में 4549 अ यर्थियों में से 3414 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1135 अनुपस्थित पाए गये। वही द्वितीय पाली में 3383 अ यर्थी उपस्थित एवं 1166 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये सतत रूप से उड़नदस्ता दल द्वारा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। अपर कले टर सीएल चिनाप ने भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया।

## जबरन नॉलेज




## नपा अध्यक्ष की अशिष्टता पर कार्यवाही की मांग की भाजपा ने



सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के अशिष्ट व्यवहार से आहत भाजपा पार्षद रविवार को जिला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कोतवाली पहुँचे जहाँ उन्होंने कोतवाली प्रभारी एम डी नागोतिया को आवेदन देते हुये नगर पालिका अध्यक्ष पर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है ।

भाजपा नेताओं के साथ पहुँचे प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस कोतवाली में महावीर वार्ड की पार्षद श्रीमती अनुसुईया पटवा के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में कहा गया है कि गत 18 मई को नपा के विशेष स मेलन में सिवनी नगर पालिका परिषद में पेयजल समस्या को लेकर चर्चा की जा रही थी इसी चर्चा में जल आवर्धन योजना में भ्रष्टाचार के मामले पर चर्चा हो रही थी तभी शफीक खान अध्यक्ष नगर पालिका ने आक्रोशित होते हुये कहा कि मैं शहर का सबसे बडा गुंडा हूँ जैसा मैं चाहूंगा परिषद वैसी चलेगी और हम सभी के साथ अभ्रदता पूर्वक व्यवहार करने लगे और उठकर खडे हो गये तथा हम सभी को परिषद से निकल जाने के लिये कहा गया ।

श्रीमती अनुसुईया पटवा ने कोतवाली में दिये अपने आवेदन में कहा है कि अध्यक्ष श्री खान के इस अशिष्ट व्यवहार से हम सभी भयभीत है अतः उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कर हमें भयमुक्त कराया जाये ।

भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के साथ हुये अपमानजनक व्यवहार पर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये कोतवाल पहुँचे नेताओं में जिला भाजपा के संगठन प्रभारी सतानंद गौतम ,जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, केवलारी विधायक राकेश पालसिंह, सिवनी नगर पालिका में भाजपा पार्षद दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी,पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक तेकाम, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी डां. श्याम सिंह कुमरें, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव, भाजपा जिला मंत्री लालू राय, विधि एवं कानून विभाग के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता विनोद सोनी,भाजपा नगर मंडल उत्तर के अध्यक्ष संजय सोनी, दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं समस्त भाजपा पार्षदों ने रविवार को सिवनी कोतवाली पहुँचकर सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान पर कार्यवाही करने की मांग की है ।

यहाँ यह बता दें कि पिछले दिनो सिवनी नगर पालिका के विशेष स मेलन में जल आवर्धन योजना में जाँच समिति द्वारा कार्य एजेंसी द्वारा भ्रष्टाचार और अनियमित्ताएँ बरते जाने की बात कही गयी थी और कार्य एजेंसी का भुगतान रोकने को नपा की जाँच समिति ने प्रतिवेदन में लिखा था उसके बाद भी कार्य एजेंसी को एक करोड़ बाननवे लाख सैतालिस हजार का भुगतान किया गया जिस पर भाजपा के पार्षद राजेश यादव एवं गोलू पंडित द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुये चर्चा प्रारंभ की थी इस बात से नपा के अध्यक्ष शफीक खान आक्रोशित हो गये और कहा गया कि मैं शहर का सबसे बड़ा गुंडा हूँ परिषद मेरे हिसाब से चलेगी और भाजपा के पार्षदों को बाहर निकल जाने के लिये कहा ।

भाजपा के पाषर्दो ने इस बात की जानकारी घटना के कुछ ही देर पश्चात कले टर के नाम विहित अधिकारी को आवेदन देकर घटना से अवगत कराते हुये कार्यवाही की मांग की थी । इसके पश्चात रविवार को पुलिस कोतवाली पहुँचकर पुलिस को भी आवेदन देकर कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है ।

## स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई कांग्रेस ने

सिवनी यशोः- देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, संचार क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी जी का बलिदान दिवस मनाया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना की उपस्थिती में स्व. राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर श्रीमति आशा



चंदेल जी ने माल्यार्पण किया एवं जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने दीप प्रज्जवलित किया, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, जे.पी.एस.तिवारी, विष्णु करोसिया, मोहनसिंह ठाकुर, ध्रुवनारायणसिंह चैधरी, राजिक अकील, जितेन्द्र सनोडिया, लोकेश ठाकुर, शिव सनोडिया, एड. शाहिद रज, नंदू यादव, कैलाश अवधिया, चंदनसिंह खताबिया, जोऐब जकी अनवर खान, रामकिशोर बघेल, साजिद खान सज्जू, धनंजयसिंह संध्या, सतेन्द्र बघेल, सुजीत गोदरे, नितिन बघेले, विक्रम वर्मा, ममतेश चैहान, सुदेश चैरसिया, रंजीत परिहार, योगेश दुबे, विक्रम वर्मा, कपिल बघेल सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिती रही।